भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5584
जिसका उत्तर मंगलवार, 28 अप्रैल, 2015 को दिया जाना है

भारी उद्योगों में निवेश

5584. श्रीमती रीती पाठक:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा चलाए जा रहे भारी उद्योगों का श्रेणी और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा इन उद्योगों में गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान किए गए निवेश का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान इन उद्योगों में कुल उत्पादन के मूल्य सहित ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) से (ग): चूंकि उद्योग राज्य का विषय है, इसलिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे भारी उद्योगों के लिए भारी उद्योग विभाग में कोई केन्द्रीकृत आंकड़ा नहीं रखा जाता है। तथापि, विगत तीन वर्षों के दौरान निवेश और कार्य-निष्पादन सहित सरकार द्वारा चलाए जा रहे भारी उद्योगों का वर्गवार ब्यौरा लोक उद्यम सर्वेक्षण 2013-14 के खंड II में उपलब्ध है जो 26 फरवरी, 2015 को संसद के दोनों सदनों के पटल पर पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है।

******